

उम्मीद है कि शुरुआती दिन पिच तेज गेंदबाजों की मदद करेगी लेकिन अपेक्षित गर्मी के कारण सपाट हो जाएगी। पिच ना केवल अनुभवहीन भारतीय बल्लेबाजी क्रम को भी मुकाबले में बने रहने का ज्यादा मौका देगी। - **शुभमन गिल**

भारतीय कप्तान, इंग्लैंड दौरे में बल्लेबाजी को लेकर बोलते हुए।

# खेल जगत

**आज का खिलाड़ी** — **कंगना रनौत**



**पैरालंपिक** कमेटी ऑफ इंडिया ने प्रसिद्ध अभिनेत्री और राजनीतिज्ञ कंगना रनौत को विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप का आधिकारिक ब्रांड एंबेसडर नियुक्त किया है। उन्होंने यह जिम्मेदारी मिलने पर खुशी जताई। सार्वजनिक जीवन में एक शक्तिशाली आवाज रनौत का जुड़ाव देश में पैरा-एथलेटिक्स के लिए अपार ऊर्जा, दृश्यता और नए सिरे से फोकस लाता है। देवेंद्र झाझरिया ने कहा, भारत के खिलाड़ियों के प्रति उनका जुनून, प्रभाव और प्रतिबद्धता उन्हें नयी दिल्ली 2025 विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप के लिए एक आदर्श दूत बनाती है।

**क्या आप जानते हैं ?...** भारत और इंग्लैंड के बीच अब तक 136 टेस्ट मैच खेले गए हैं। इस दौरान टीम इंडिया में सिर्फ 35 मैच ही जीते हैं। 51 में टीम को हार झेलनी पड़ी है और 50 मैच ड्रॉ रहे हैं।

## आईसीसी ने टी-20 और वनडे के बदले नियम वनडे इंटरनेशनल क्रिकेट में 2 जुलाई से और टी-20 क्रिकेट में 10 जुलाई से ये बदलाव

नई दिल्ली, 18 जून। अगले महीने से वनडे और टी20 में खेल के नियमों में बदलाव देखने को मिलेगा। जहां वनडे इंटरनेशनल क्रिकेट में 2 जुलाई से और टी20 क्रिकेट में 10 जुलाई से ये बदलाव होने वाला है। आईसीसी खेल के नियमों में बदलाव करके बल्ले और गेंद के बीच संतुलन बनाने की कोशिश कर रही है। टेस्ट क्रिकेट में नए नियम आज मंगलवार, 17 जून से शुरू हुई बांग्लादेश-श्रीलंका सीरीज से लागू हो गए हैं। वहीं वनडे में 2 जूलाई बांग्लादेश और श्रीलंका के बीच अगली इंटरनेशनल सीरीज शुरू हो रही है और टी20 सीरीज भी इन दोनों देशों के बीच ही 10 जुलाई से होगी तब से ही नए नियमों को शामिल किया गया है।

आईसीसी ने ये बदलाव मेन्स क्रिकेट के लिए ही किया है। वनडे मैच की एक ही पारी में पहले ओवर से 50वें ओवर तक दो गेंदों का इस्तेमाल किया जाता था। लेकिन अब 2 जुलाई से ऐसा नहीं होगा। अब मैच में 34वें ओवर के बाद केवल एक ही गेंद रह जाएगी, जिसका चुनाव गेंदबाजी टीम अपने मुताबिक कर सकती है। वहीं अगर खेल किसी वजह से 50 की जगह 25 ओवर का रह जाता है तो खेल की शुरुआत में ही एक पारी के केवल एक गेंद ही दी जाएगी। आईसीसी के नए नियमों के मुताबिक, खेल शुरू होने से पहले ही टीम को अपने सब्स्टिट्यूट प्लेयर्स के बारे में जानकारी देनी होगी। अगर किसी टीम का कोई खिलाड़ी चोटिल होता है तो उसकी जगह वही सब्स्टिट्यूट प्लेयर आएगा। जिसका नाम अंपायर के पास पहलेसे गया होगा। खेल की दोनों टीमें पांच पोजिशन के लिए पांच प्लेयर बता सकती हैं।

**एक विकेटकीपर, एक बल्लेबाज, एक तेज गेंदबाज, एक स्पिन गेंदबाज, एक ऑलराउंडर** इस नए नियम के मुताबिक, अगर टीम में कोई तेज गेंदबाज चोटिल होनकर खेल के बाहर जाता है तो उसकी जगह दूसरा तेज गेंदबाज ही मैच में आएगा। उस खिलाड़ी की जगह किसी ऑलराउंडर को टीम में नहीं लाया जा सकेगा। अगर रिप्लेस किया गया खिलाड़ी भी किसी तरह चोटिल हो गया है या खेलने की स्थिति में नहीं होगा उस दौरान उसकी जगह वही खिलाड़ी मैदान में उतर सकता है, जिसके लिए अंपायर इजाजत देगा।

## यूथ तायक्वांडो अकादमी के बच्चों ने फिर मारी बाजी

जयपुर, 18 जून। ग्रीनपार्क की यूथ तायक्वांडो अकादमी के बच्चों ने हाल ही में सम्पन्न द्वितीय एएमए तायक्वांडो कप 2025 में अकादमी की मुस्कान कोठोत्या, मानसी मीना, योजित शर्मा ने स्वर्ण पदक जीता। एकांश सत्तावन, भव्य गुप्ता, आदर्श ने रजत पदक तथा शुभम खिंची, अभिनंदन मीना, रक्षित सत्तावन, मोनू शर्मा ने कांस्य पदक जीता। बच्चों के माता-पिता और कोच भारत जायसवा उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हैं।

## राजस्थान के बॉडी बिल्डर विशाल सिंह ने दक्षिण एशिया में जीता कांस्य पदक

जयपुर 18 जून। भूटान में आयोजित हुई साउथ एशिया में बॉडीबिल्डिंग एंड मैन फिजिक्स चैंपियनशिप में राजस्थान के विशाल सिंह रावत ने 75 किलोग्राम भार वर्ग में ब्रोंज मेडल जीता राजस्थान बॉडी बिल्डिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष नवीन यादव ने बताया कि अजमेर के विशाल सिंह पूर्व में भी राष्ट्रीय स्तर पर पदक जीत चुके हैं। राज्य संघ के अध्यक्ष नवीन यादव, सचिव अशोक औदिचय, कोषाध्यक्ष राजेश यादव सहित संपूर्ण राजस्थान राज्य संघ के सभी पदाधिकारी ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पदक प्राप्त करने पर विशाल सिंह रावत को बधाई दी।

## आरसीए की प्रस्तावित वार्षिक आम बैठक स्थगित

जयपुर, 18 जून। जयदीप बिहानी, संयोजक एडहॉक कमेटी ने बताया कि मेरा स्वास्थ्य ठीक नहीं है। इसलिए राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन की प्रस्तावित वार्षिक आम बैठक जो 20 जून 2025 को आयोजित होने वाली थी, को अगले आदेश तक स्थगित किया जाता है। बैठक की अगली तिथि समय रहते बता दी जाएगी। राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन के सभी सम्बद्ध सदस्यों को इसकी जानकारी दे दी गई है।

## शाहिद और शोएब की जोड़ी ने युगल फाइनल जीता



जयपुर, 18 जून। स्वर्गीय देवकी ठाकुर स्मृति में चौगान स्टेडियम पर सम्पन्न हुई जयपुर जिला ओपन रैंकिंग कैरम प्रतियोगिता में देर रात तक हुआ। पुरुषों का युगल फाइनल मैच में बंटी क्लब के शाहिद और शोएब की जोडी ने 2-0, से रेहान और शाहरुख को हरा युगल फाइनल जीत लिया। जयपुर ज़िला के इस प्रतियोगिता के 4 बेहतरीन खिलाड़ियों में वेस्ट जोन के तीसरे नंबर के खिलाड़ी, राष्ट्रीय खिलाड़ी महेंद्र ठाकुर, काशिफ, बिल्ला और रमजान रहे, जो खिताब जीतने वाले दावेदार थे, रह गए। पुरस्कार समारोह में भाजपा के पूर्व अध्यक्ष डॉ अरुण चतुर्वेदी, डॉ अखिल शुक्ला, कैरम संघ के अध्यक्ष, अजय सिंह चित्तौड़ा, ने ईनाम बाटे और जयप्रकाश ने देवकी ठाकुर के बारे मे महिलाओं के लिए किए कार्यों का बताया और अतिथि गण का स्वागत किया।

### आईसीसी ने महिला टी-20 विश्वकप 2026 का पूरा कार्यक्रम किया जारी

# 12 टीमों के बीच होगी टी-20 वर्ल्ड कप की भिड़ंत, इंग्लैंड करेगी मेजबानी

दुबई, 18 जून। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने बुधवार को 24 दिनों तक चलने वाले महिला टी-20 विश्वकप 2026 के पूरे कार्यक्रम की आधिकारिक रूप से घोषणा की। आईसीसी की ओर से जारी कार्यक्रम के अनुसार टूर्नामेंट की शुरुआत अगले वर्ष 12 जून को एजबेस्टन में दूधिया रोशनी में इंग्लैंड और श्रीलंका के बीच होने वाले मैच से होगी। टूर्नामेंट में मौजूदा विजेता न्यूजीलैंड सहित 12 टीमें प्रतिष्ठित ट्रॉफी के लिए स्पर्धा करेंगी। आठ देश पहले से ही टूर्नामेंट में अपनी जगह पक्की कर चुके हैं और अंतिम चार प्रतिभागियों का फैसला अगले साल होने वाले आईसीसी महिला टी-20 विश्वकप क्वालीफायर के जरिए होगा।

इंग्लैंड और वेल्स को 2022 में आईसीसी महिला टी20 विश्व कप 2026 की मेजबानी के अधिकार दिए गए, जिसमें विभिन्न मानदंडों के मूल्यांकन के बाद सात मेजबान स्थलों का चयन किया गया। आईसीसी महिला टी20 विश्व कप 2026 को दो ग्रुप में बांटा गया है। प्रशंसकों को टूर्नामेंट में ग्रुप 1 में ऑस्ट्रेलिया, दक्षिण अफ्रीका, भारत, पाकिस्तान और दो क्वालीफायर टीमों तथा ग्रुप दो में वेस्टइंडीज, इंग्लैंड, न्यूजीलैंड, श्रीलंका और दो क्वालीफायर महिला टीमों के बीच रोमांचक मुकाबले देखने को मिलेंगे। सेमीफाइनल और फाइनल लंदन में क्रमशः द ओवल और लॉर्ड्स में होंगे।





आईसीसी महिला टी-20 विश्वकप 2026 का पूरा कार्यक्रम इस प्रकार है:-

एजबेस्टन में 12 जून को इंग्लैंड बनाम श्रीलंका, ओल्ड ट्रैफर्ड क्रिकेट ग्राउंड में 13 जून को क्वालीफायर बनाम क्वालीफायर, ओल्ड ट्रैफर्ड क्रिकेट ग्राउंड में 13 जून को ही ऑस्ट्रेलिया बनाम दक्षिण अफ्रीका, हैम्पशायर बाउल में 13 जून को वेस्टइंडीज बनाम न्यूजीलैंड, एजबेस्टन में 14 जून को क्वालीफायर बनाम क्वालीफायर, एजबेस्टन में 14 जून को भारत बनाम पाकिस्तान, हैम्पशायर बाउल में 16 जून को न्यूजीलैंड बनाम श्रीलंका, हैम्पशायर बाउल में 16 जून को इंग्लैंड बनाम क्वालीफायर, हैम्पशायर बाउल, हेडिंग्ले में 17 जून को ऑस्ट्रेलिया बनाम क्वालीफायर, हेडिंग्ले में 17 जून भारत बनाम क्वालीफायर, एजबेस्टन में 17 जून को दक्षिण अफ्रीका बनाम पाकिस्तान, हेडिंग्ले में 18 जून को वेस्टइंडीज बनाम क्वालीफायर, हैम्पशायर बाउल में 19 जून को न्यूजीलैंड बनाम क्वालीफायर, हैम्पशायर बाउल में 20 जून को ऑस्ट्रेलिया बनाम क्वालीफायर, हैम्पशायर बाउल में 20 जून को पाकिस्तान बनाम क्वालीफायर, हेडिंग्ले में 20 जून को इंग्लैंड बनाम क्वालीफायर, ब्रिस्टल काउंटी ग्राउंड में 21 जून को वेस्टइंडीज बनाम श्रीलंका, ओल्ड ट्रैफर्ड क्रिकेट ग्राउंड में 21 जून को दक्षिण अफ्रीका बनाम भारत, ब्रिस्टल काउंटी ग्राउंड में 23 जून को न्यूजीलैंड बनाम क्वालीफायर, ब्रिस्टल काउंटी ग्राउंड में 23 जून को श्रीलंका बनाम क्वालीफायर, हेडिंग्ले में 23 जून को ऑस्ट्रेलिया बनाम पाकिस्तान, लॉर्ड्स क्रिकेट ग्राउंड में 24 जून को इंग्लैंड बनाम वेस्टइंडीज, ओल्ड ट्रैफर्ड क्रिकेट ग्राउंड में 25 जून को भारत बनाम क्वालीफायर, ब्रिस्टल काउंटी ग्राउंड में 25 जून को दक्षिण अफ्रीका बनाम क्वालीफायर, ओल्ड ट्रैफर्ड क्रिकेट ग्राउंड में 26 जून को श्रीलंका बनाम क्वालीफायर, ब्रिटल काउंटी ग्राउंड में 27 जून को पाकिस्तान बनाम क्वालीफायर और ब्रिस्टल काउंटी ग्राउंड में 27 जून को पाकिस्तान बनाम क्वालीफायर के बीच मुकाबला होगा।

# बीसीसीआई को बॉम्बे हाईकोर्ट से लगा तगड़ा झटका

## कोच्चि टस्कर्स को देने होंगे 538 करोड़ रुपये

नई दिल्ली, 18 जून। बीसीसीआई को कोच्चि टस्कर्स केस में बॉम्बे हाईकोर्ट से बड़ा झटका लगा है। हाईकोर्ट ने बीसीसीआई की याचिका खारिज कर दी है। अदालत ने कोच्चि टस्कर्स के मालिकों के पक्ष में 538 करोड़ रुपये के आर्बिट्रल अवॉर्ड को सही करार दिया। बीसीसीआई ने कोच्चि टस्कर्स टीम को साल 2011 में आईपीएल से बाहर कर दिया था। उसके बाद कोच्चि टीम ने बीसीसीआई के खिलाफ आर्बिट्रेशन केस किया था। फ्रेंचाइजी सिर्फ एक आईपीएल सीजन में खेली और अंक तालिका में आठवें स्थान पर थी।

जज आरआई चागला ने बीसीसीआई और कोच्चि क्रिकेट प्राइवेट लिमिटेड और अन्य मामले में कहा कि अदालत मध्यस्थ के निष्कर्षों पर अपीलीय प्राधिकारी के रूप में कार्य नहीं कर सकती। कोर्ट ने कहा कि मध्यस्थता अधिनियम की धारा 34 के तहत इस न्यायालय का अधिकार क्षेत्र बहुत सीमित है। विवाद के गुण-दोषों की गहराई से जांच करने का बीसीसीआई का प्रयास अधिनियम की धारा 34 में निहित आधारों के दायरे की विपरीत है। साक्ष्य और/या गुण-दोषों के संबंध में दिए गए निष्कर्षों के बारे में बीसीसीआई का असंतोष अवॉर्ड को चुनौती देने का आधार नहीं हो सकता।

कोच्चि टस्कर्स फ्रेंचाइजी को रेंडेजवस स्पोर्ट्स वर्ल्ड ने लिया था। बाद में फ्रेंचाइजी को कोच्चि क्रिकेट प्राइवेट लिमिटेड द्वारा संचालित किया गया। बीसीसीआई ने सितंबर 2011 में फ्रेंचाइजी समझौते के उल्लंघन का हवाला देकर कोच्चि टस्कर्स को समाप्त कर दिया। बीसीसीआई ने कहा कि फ्रेंचाइजी बैंक गारंटी देने में विफल रही थी। वहीं, केसीपीएल ने कहा कि देरी अनसुलझे मुद्दों के कारण हुई, जिसमें स्टेडियम की अनुपलब्धता, शेयरहोल्डिंग पर विनियामक अनुमोदन और आईपीएल मैच की संख्या में कमी शामिल थी।

देरी के बीच बीसीसीआई और केसीपीएल कई महीनों तक संपर्क में रहे थे। बोर्ड ने कई भुगतान भी स्वीकार किए। लेकिन अचानक बीसीसीआई ने फ्रेंचाइजी को समाप्त कर दिया और आरएसडब्ल्यू द्वारा जारी की गई पूर्व गारंटी को भी भुना लिया। केसीपीएल और आरएसडब्लू ने 2012 में मध्यस्थता कार्यवाही शुरू की और ट्रिब्यूनल ने 2015 में उनके पक्ष में फैसला सुनाया। केसीपीएल को 384 करोड़ रुपये और आरएसडब्लू को 153 करोड़ रुपये देने का आदेश दिया गया था। इसके साथ ही ब्याज और लीगल कॉस्ट भी देने का जिक्र था।

## इंग्लैंड के खिलाफ टीम इंडिया में नंबर-4 पर कप्तान शुभमन गिल बल्लेबाजी करने उतरेंगे : पंत

लंदन, 18 जून। महज दो दिन में भारत और इंग्लैंड के बीच टेस्ट सीरीज का आगाज होगा। सीरीज का पहला मुकाबला लीड्स के हेडिंग्ले मैदान पर खेला जाएगा। इस मैच से पहले भारतीय टेस्ट टीम की उपकप्तान ऋषभ पंत प्रेस कॉन्फ्रेंस के लिए आए। पीसी में विकेटकीपर बल्लेबाज ने बताया कि विराट कोहली की जगह अब नंबर 4 पर कौन बल्लेबाजी करेगा। साथ ही उन्होंने अपनी बल्लेबाजी पोजिशन के बारे में बताया और अहमदाबाद में हुए प्लेन क्रैश हादसे पर भी उन्होंने अपनी बात रखी।बता दें कि, विराट कोहली के टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेने के बाद सवाल उठने लगे थे कि अब 4 नंबर पर कौन बल्लेबाजी करेगा? ऐसे में पंत ने बताया कि कप्तान शुभमन गिल नंबर 4 पर बल्लेबाजी करने उतरेंगे जबकि वह खुद नंबर 5 पर खेलते हुए दिखेंगे। हालांकि, नंबर 3 पर कौन बल्लेबाजी करेगा ये अब तक साफ नहीं हो पाया है। वहीं अहमदाबाद हादसे को लेकर विकेटकीपर बल्लेबाज ने कहा कि, पूरा देश निराश है हम जो कर सकते हैं वह है अपना सर्वश्रेष्ठ प्रयास करना और देश को खुश करना। भारत के पास 3 नंबर पर चुनने के लिए तीन विकल्प हैं। इनमें अभिमन्यु ईश्वरन, करुण नायर और साई सुदर्शन शामिल हैं। ईश्वरन भारतीय टीम के साथ ऑस्ट्रेलिया गए थे।

## राजस्थान के विकास ने डबल वेपन में स्वर्ण, नीलम ने नन्क्वान में स्वर्ण एवं अभिजीत ने विंगचुंग में जीता रजत पदक

जयपुर,18 जून। भारतीय वुशू संघ व राजस्थान वुशू संघ के तत्वावधान मे दिनांक 14 से 19 जून तक पूर्णिमा यूनिवर्सिटी मे आयोजित हो रही 34वीं सीनियर राष्ट्रीय (पुरुष/महिला) वुशु प्रतियोगिता में आज राजस्थान के नीलम चौधरी ने नन्क्वान में एवं विकास चौधरी ने डबल वेपन में स्वर्ण पदक एवं अभिजीत एसवाल ने विंगचुंग में रजत पदक जीता। आज के समारोह के अतिथि के.सी घुमरिया, (आईआरएस), प्रियंका गुप्ता, (आईएएस), विनोद सिंह शेखावत, मुख्य संरक्षक राजस्थान वूशु संघ एवं मनीष पुजारी सालासर धाम रहे। हीरानंद कटारिया अध्यक्ष, राजस्थान वूशु संघ ने सभी



अतिथियों का साफा पहनाकर व बूके, स्मृति चिन्ह भेट कर स्वागत अभिनन्दन किया। राजेश कुमार टेलर ने बताया कि सेमी फाईनल मुकाबले मे राजस्थान के 48 किलोग्राम भारवर्ग में मेघा जोशी (राजस्थान) ने प्रियंका (आईटीबीपी) को 2-0 से एवं 70 किलोग्राम भारवर्ग में दिव्यांशी (राजस्थान) ने अन्जु (ऑल इण्डिया पुलिस) को 2-0 से हराकर फाईनल मे प्रवेश किया साथ ही पुरूष वर्ग में 52 किलोग्राम भारवर्ग में अमन पारीक (राजस्थान) ने अवनेश कुमार (यूपी) को 2-1 से तथा 56 किलोग्राम भारवर्ग में अभिमन्यू पारीक (राजस्थान) ने अशोक कुमार (बीएसएफ) को 65 किलो भारवर्ग में वैभव शर्मा (राजस्थान) ने चिराग (हरियाणा) को 2-0 से हराकर फाईनल में प्रवेश किया। 34वी सीनियर राष्ट्रीय वुशू प्रतियोगिता के समापन समारोह के मुख्य अतिथि प्रेमचंद बैरवा, उप मुख्यमंत्री, राजस्थान सरकार, अतिथि अविनाश गहलोत, केबिनेट मंत्री, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता होंगे।

## दक्षिण अफ्रीका की महिला टीम ने वेस्टइंडीज को 166 रनों से हराया और सीरीज भी जीती

केव हिल, 18 जून। तेजमिन ब्रिट्स (101) की शतकीय, कप्तान लॉरा वुलफार्ट (75) की शानदार पारियों के बाद एम क्लास (चार विकेट), एन म्लाबा और एनरी डर्कसन (दो-दो विकेट) की बेहतरीन गेंदबाजों की बदौलत दक्षिण अफ्रीका की महिला टीम ने वर्षा बाधित तीसरे एकदिवसीय मुकाबले में वेस्टइंडीज को (डीएलएस पद्धित) से 166 रनों से हरा दिया। इसी के साथ दक्षिण अफ्रीका ने तीन मैचों की सीरीज 2-1 से जीत ली। तेजमिन ब्रिट्स को उनके शानदार प्रदर्शन के लिए 'प्लेयर ऑफ द मैच' और प्लेयर ऑफ द सीरीज' से नवाजा गया। वेस्टइंडीज की महिला टीम ने मंगलवार रात खेले गये मुकाबले में टॉस जीतकर दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी दक्षिण अफ्रीका के लिए तेजमिन ब्रिट्स और कप्तान लॉरा वुलफार्ट की सलामी जोड़ी ने अच्छी शुरुआत करते हुए पहले विकेट के लिए 184 रन जोड़े। 27वें ओवर में ऐफी फ्लेचर ने तेजमिन ब्रिट्स को आउटकर वेस्टइंडीज को पहली सफलता दिलाई। तेजमिन ब्रिट्स ने 91 गेंदों में 101 रनों की पारी खेली।

## तीन दिवसीय सेमीफाइनल मैच आज से के.एल. सैनी स्टेडियम व जयपुरिया ग्राउंड पर खेला जायेगा



जयपुर, 18 जून। आरसीए एडहॉक कमेटी सदस्य विमल शर्मा ने बताया बीसीसीआई के आगामी घरेलू क्रिकेट सत्र 2025-26 की पूर्व तैयारियों की लिए आरसीए एडहॉक कमेटी संयोजक व विधायक जयदीप बिहाणी के निर्देशानुसार राजस्थान क्रिकेट संघ द्वारा बीसीसीआई सीनियर रणजी ट्रॉफी क्रिकेट प्रतियोगिता में भाग लेने वाली राजस्थान सीनियर टीम के संभावितों के चयन हेतु आरसीए के तत्वाधान में खेली जा रही राज्य स्तरीय सीनियर कॉल्विन शील्ड क्रिकेट प्रतियोगिता के आज जयपुर में समाप्त हुए क्वाटर फाइनल मैचों की विजेता टीम जयपुर, श्रीगंगानगर, कोटा व अजमेर ने प्रतियोगिता के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। आज मनीष कुमार का शानदार शतक व तन्मय वर्मा, अजय राज सिंह, विजय सिंह, पुनीत मिश्रा, मोहित भगतानी ने खेली अर्धशतकीय पारियां खेली। अशोक शर्मा, रोहन राजभर, हितेश इंसा ने शानदार गेंदबाजी की। प्रतियोगिता का 3 दिवसीय सेमीफाइनल मैच 19 से 21 जून को के एल सैनी स्टेडयम व जयपुरिया ग्राउंड पर खेला जायेगा।


**कार्यालय नगरपालिका नाथद्वारा, जिला-राजसमन्द (राज.)**
Email: np_ntd@yahoo.co.in, nagarpalikanathdwara@gmail.com Ph. 02953-233526
क्रमांक : न.पा.नाथ./निविदा/स्टोर/25/7704 दिनांक : - 16.06.2025
**-:निविदा संशोधन सूचना:-**
(E NIT No.- 18/2025-26)
नगरपालिका कार्यालय नाथद्वारा के पत्रांक न.पा.नाथ./निविदा/स्टोर/2025/7358 दिनांक 10.06.2025 से जारी ई-निविदा सं0 18/2025-26 के कम में निविदा में वर्णित कार्य की तकनीकी निविदा शर्तों में निम्नानुसार संशोधन किया जाता हैं :-
ऑनलाईन अपलोड निविदा सूचना की तकनीकी शर्त संख्या 09 को विलोपित किया जाता हैं। शेष शर्तें उक्तानुसार संशोधित समझी जावें ।
शेष निविदा एवं शर्तें यथावत् रहेगी।
राज.संवाद/सी/25/4469 आयुक्त, नगरपालिका नाथद्वारा

**कार्यालय नगर परिषद टोंक**
क्रमांक :-न.प.टोंक/विद्युत शाखा/2025-26/4219 दिनांक :- 16.06.2025
**ई-निविदा सूचना - 4/2025-26**
**(NIB No. DLB2526A2595)**
नगर परिषद टोंक क्षेत्र में होने वाले विद्युत कार्यो हेतु इच्छुक बोलीदाताओं से दिनांक 27.06.25 प्रातः 11.00 बजे तक निविदायें आमंत्रित की जाती है। अन्य विवरण व शर्ते www.Sppp.rajasthan.gov.in, http:/eproc.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है।
UBN No. -DLB2526SLOB08217
आयुक्त नगर परिषद, टोंक — अति0 जिला कलक्टर एवं प्राधिकारी/प्रशासक न0प0टोंक
राज.संवाद/सी/25/4528

**कार्यालय नगर परिषद सुजानगढ़ (चूरू) राजस्थान**
E-mail id:- nps222419@gmail.com Phone no. 01568-222419
क्रमांक :-न.प.सु/विकास शाखा/2025/2355 दिनांक :- 13.06.2025
**-: ई-निविदा सूचना-2025-26 :-**
नगर परिषद सुजानगढ़ द्वारा विभिन्न प्रकार के कार्यो के लिये उपयुक्त सक्षम श्रेणी के राज्य सरकार के विभागों में प्रजीकृत ठेकेदारों/फर्मो से निविदा दिनांक 25.06.2025 तक आमन्त्रित की जाती है। निविदा प्रपत्रों को वेबसाईट https://eproc.rajasthan.gov.in से डाउनलोड कि जा सकता है एवं निविदा से संबंधित विस्तृत विवरण वेबसाईट www.sppp.raj.gov.in पर प्राप्त की जा सकती है। निविदा का बीड कमांक (DLB2526WSOB07804) है। कार्यालय समय में किसी भी कार्य दिवस को नगर परिषद सुजानगढ के कार्यालय में एवं सूचना बोर्ड पर देखी जा सकती है।
आयुक्त नगर परिषद सुजानगढ
राज.संवाद/सी/25/4587

**बीकानेर नगर निगम**
नगर निगम मार्ग, बीकानेर (राजस्थान) फैक्स :- 0151-2226906, फोन :- 0151-2226902, 0151-2226905
E-Mail Address :- nagarnigambikaner@gmail.com, Web Site :- www.bikanermc.org
क्रमांक/निर्माण/2025-26/9607 दिनांक 16.06.2025
**ई- निविदा-सूचना सं0 51/2025-26**
नगर निगम बीकानेर की ओर से विभिन्न कार्यो (कुल 01 कार्य) के लिये केन्द्र व राज्य सरकार के अभियांत्रिकी विभागों में "ऐऐ", "ऐ" श्रेणी में पंजीकृत संवेदको एवं नगर निगम में उपर्युक्त श्रेणी में पंजीकृत निविदादाताओं से निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्यूमेंट प्रक्रिया से ऑन लाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है। निविदा से सम्बन्धित विवरण वेब साईट www.bikanermc.org Web site www.SPPP.raj.nic.in से व http://eproc.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है।
निविदा की कुल लागत 45.00 लाख
UBN Number :- DLB2526WSOB08268
आयुक्त नगर निगम, बीकानेर
राज.संवाद/सी/25/4550

**राजस्थान स्टेट माईन्स एण्ड मिनरल्स लिमिटेड**
(राजस्थान सरकार का उपक्रम) एसबीयू एण्ड पीसी-लिग्नाईट, सी-स्कीम, जयपुर- 302005(राज.)
फोन नम्बर: (0141)2227938/2227710,2227715, फैक्स: (0141)2227360,2227761, E-mail: jaipur.rsmml@rajasthan.gov.in
**संशोधित निविदा सूचना-01** दिनांक :- 17/06/2025

| निविदा संख्या एवं दिनांक | कार्य का विवरण |
|---|---|
| F.6(1)69/cc/2025/05 dated 27.05.2025 UBN No. MML2526SLOB00024 | कसनाऊ-मातासुख लिग्नाईट परियोजना, नागौर (पिन कोड: 341001) पर पाँच (05) बोलेरो -07 सीटर या समकक्ष वाहन (ए. सी. डीजल टैक्सी परमिट) मय वाहन चालक किराये पर लेने हेतु। (उपरोक्त वाहन का मॉडल वर्ष 2022 या उसके बाद का होना आवश्यक है) अनुमानित राशि-105.00 लाख, धरोहर राशि - 210,000/-, निविदा राशि- 4720/- (अहस्तान्तरणीय) (जीएसटी सहित) और रू 2000/- (ई टेड़र शुल्क एमडी, आरआईएसएल) निविदा जमा कराने की अंतिम तिथि व समय दिनांक 23.06.2025 सांय 05.00 बजे तक। निविदा खुलने की तिथि व समय दिनांक 24.06.2025 को प्रातः 11.00 बजे तक। |

उपरोक्त निविदा की विस्तृत जानकारी के लिए हमारी वेबसाईट www.rsmm.com अथवा www.sppp.rajasthan.gov.in अथवा www.eproc.rajasthan.gov.in अथवा प्रबंधक (यांत्रिकी अनुबंध) से उपरोक्त पतें पर सम्पर्क करें।
राज.संवाद/सी/25/4491 उप महाप्रबन्धक (का.एवं प्रशा.)

**उदयपुर विकास प्राधिकरण, राजस्थान**
No. :- F-2(01)Acct/Contract/2025-26/75 - 77 Date : 16/06/2025
**ई-निविदा सूचना संख्या : 20/2025-26**
उदयपुर विकास प्राधिकरण, उदयपुर द्वारा निम्नलिखित कार्यो मय डिफेक्ट लाईबिलिटी अवधि के लिये जो कि निविदा प्रपत्र में अंकित है के लिये उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत संवेदको से निर्धारित प्रपत्र में ई-टेण्डरिंग के माध्यम से ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है :-

| | |
|---|---|
| निविदा कार्यो की कुल लागत | रूपये 116.09 लाख (02 कार्य) |
| ऑनलाईन निविदा प्रपत्र डाउनलोड/अपलोड करने की अवधि | 17.06.2025 को प्रातः 10.00 बजे से 26.06.2025 को सांयः 6.00 बजे तक |
| Online EMD, Tender Fee & Processing Fee जमा कराने की तिथी | 17.06.2025 को प्रातः 10.00 बजे से 26.06.2025 को सांयः 6.00 बजे तक |
| ऑनलाईन निविदा खोलने की तिथी | 27.06.2025 को प्रातः 11:00 बजे |

विस्तृत विवरण वेबसाईट urban.rajasthan.gov.in/uitudaipur, www.eproc.rajasthan.gov.in व www.sppp.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है।
UBN No. : ITU2526SLOB00130, ITU2526SLOB00131
अधिशाषी अभियन्ता - प्रथम उदयपुर विकास प्राधिकरण
राज.संवाद/सी/25/4525

**जयपुर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड**
प्रभास्मि शशि सूर्ययोः
कार्यालय संभागीय मुख्य अभियंता (जयपुर संभाग) पुराना पॉवर हाऊस, बनीपार्क, जयपुर
टेलीफैक्स : 0141 - 2201489, ई-मेल: zcejz@jvvnl.org
**ई-निविदा सूचना**
ई-निविदा दो भागों में (तकनीकी-वाणिज्यिक), जयपुर डिस्कॉम के टीएन-120 के अन्तर्गत भिवाड़ी सर्कल के क्षेत्र में सहायक अभियंता एचटीएम भिवाड़ी टीएन-120 के तहत नए प्रस्तावित 33/11 केवी घटाल-II सबस्टेशन के निर्माण का कार्य। योग्य निविदादाता सम्पूर्ण निविदा संबंधित दस्तावेज ई-प्रोक्योरमेन्ट पोर्टल http://www.eproc.rajasthan.gov.in पर दिनांक 23.06.2025 से डाउनलोड कर सकते है। निविदायें ऑनलाईन ई- पोर्टल पर दिनांक 07.07.2025 को सांय 05:00 बजे तक ही स्वीकार की जावेगी । निविदा संबंधी जानकारी कार्य का विवरण इत्यादि जयपुर विद्युत वितरण निगम की वेबसाईट www.energy.rajasthan.gov.in/jvvnl, http://www.sppp.rajasthan.gov.in & http://eproc.rajasthan.gov.in से प्राप्त की जा सकती है।
UBN : VVN2526WSOB00107
राज.संवाद/सी/25/4497 जेपीआर - 3005 (2025) संभागीय मुख्य अभियंता (जयपुर संभाग)
बिजली शिकायतों के लिए टोल फ्री नम्बर 1800 180 6507

**महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय, बीकानेर**
**निविदा सूचना संख्या 04/2025-26**
विश्वविद्यालय द्वारा ई-निविदा सूचना संख्या 4/2025-26 क्रमांक 3813 दिनांक 17/06/2025 के तहत निर्माण कार्य हेतु निविदा जारी की गई है, जिसके एनआईबी GSU2526A0013 यूबीएन GSU2526WSOB00023 है। निविदा से सम्बन्धित विस्तृत जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल http://eproc.rajasthan.gov.in एवं स्टेट पोर्टल http://sppp.rajasthan.gov.in पर उपलब्ध है।
राज.संवाद/सी/25/4518 सम्पदा अधिकारी

**कार्यालय नगर निगम, अजमेर**
पृथ्वीराज मार्ग, अजमेर (राजस्थान) फोन नं. 0145-2429971, 2429920
क्रमांक :-MEW/2025-26/425 दिनांकः- 17.06.2025
**:: ई-निविदा सूचना संख्या 16/2025-26 ::**
नगर निगम अजमेर की ओर से नगर निगम अजमेर एवं राजकीय विभाग में उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत संवेदको जो कि केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग, डाक एवं दूरसंचार, रेलवे या अन्य राज्य सरकार, केन्द्रीय सरकार के अधिकृत संगठनो जो राजस्थान सरकार के उपयुक्त श्रेणी के संवेदको के समकक्ष हो (निविदा पात्रता पंजीकरण के नियमो के अनुसार मान्य) जो निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्यूरमेन्ट प्रक्रिया से सिविल निर्माण कार्यो हेतु ऑनलाईन ईनिविदा आमंत्रित की जाती है।

| | |
|---|---|
| निविदा कार्यो की कुल लागत | राशि 70 लाख (कुल 2 कार्य) |
| ऑनलाईन निविदा प्रपत्र डाउनलोड/अपलोड करने की अवधि | दिनांक 17.06.2025 से 25.06.2025 तक 6.00 pm |
| Technical निविदा खोलने की तिथि व समय | 26.06.2025 को 11.00 am |
| Financial निविदा खोलने की तिथि | सफलतम निविदादाता को उचित माध्यम के द्वारा सूचित कर दिया जावेगा। |

विस्तृत विवरण वेबसाईट http://sppp.rajasthan.gov.in एवं http:/www.eproc.rajasthan.gov.in पर एवं नगर निगम के निर्माण विभाग के कार्यालय में भी देखी जा सकती है।
Nib Code :-ANN2526A0050

| S.No. | UBN No. | S.No. | UBN No. |
|---|---|---|---|
| 1 | ANN2526WSOB00056 | 2 | ANN2526WSOB00057 |

राज.संवाद/सी/25/4540 अधिशाषी अभियन्ता

**जगद्गुरू रामानन्दाचार्य राजस्थान संस्कृत विश्वविद्यालय**
ग्राम - मदाऊ, पोस्ट-भांकरोटा जयपुर (राज.) . 302026
वेबसाईट : www.jrrsanskrituniversity.ac.in ई-मेल - jrrsu@yahoo.com टेलीफैक्स: 0141-5132021
**प्रवेश सूचना (विज्ञापन) : 2025-2026**
विश्वविद्यालय शैक्षणिक परिसर में सत्र 2025-2026 हेतु अधोलिखित पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए योग्यताधारी छात्रों से आवेदन पत्र आमंत्रित है।
ऑनलाईन प्रवेश आवेदन पत्र भरने की आरंभ तिथि- 20.06.2025 अंतिम तिथि- 20.07.2025
A- स्नातक
1. एन.ई.पी. 2020 चतुर्वर्षीय शास्त्री पाठ्यक्रम (प्रथम सेमेस्टर) (वेद, पुराणेतिहास, धर्मशास्त्र, साहित्य, ज्योतिष फलित, ज्योतिष गणित, नव्य व्याकरण, दर्शन, जैन दर्शन)
2. एन.ई.पी. 2020 चतुर्वर्षीय बी.ए. पाठ्यक्रम (प्रथम सेमेस्टर) (संस्कृत, एक पत्र संस्कृत विषय की अनिर्वायता के साथ हिन्दी, अंग्रेजी, राजनीति शास्त्र, इतिहास, शिक्षाशास्त्र एवं दर्शन)
3. एन.ई.पी. 2020 चतुर्वर्षीय बी.ए./बी.एस.सी (योग) (प्रथम सेमेस्टर)
B. स्नातकोत्तर
4. दो वर्षीय आचार्य (प्रथम वर्ष) (वेद, पौरोहित्य, पुराणेतिहास, धर्मशास्त्र, साहित्य, ज्योतिष फलित, ज्योतिष गणित, नव्य व्याकरण, दर्शन, जैन दर्शन)
5. दो वर्षीय एम.ए. (प्रथम वर्ष) (संस्कृत, हिन्दी, अंग्रेजी, राजनीति शास्त्र, इतिहास, शिक्षाशास्त्र तथा दर्शन शास्त्र)
6. दो वर्षीय एम.ए./एम.एस.सी योग (प्रथम सेमेस्टर)
7. एक वर्षीय डिप्लोमा पाठ्यक्रम — डिप्लोमा इन पौरोहित्य कर्मकाण्ड; पी.जी.डी.सी.ए.; पीजी डिप्लोमा योग; मंत्र साधना पद्धति और चिकित्सा विषयक डिप्लोमा; पी.जी.डी.एम.ई.; मंदिर प्रबन्धन डिप्लोमा
8. सर्टिफिकेट कोर्स (त्रैमासिक) - योग प्रमाण पत्र/वास्तु प्रमाण पत्र/ ज्योतिष प्रमाण पत्र/ संस्कृत प्रमाण पत्र
9. ऑनलाइन स्ववित्तपोषित पाठ्यक्रम (नाम वेबसाइट पर उपलब्ध) शैक्षणिक अर्हता- शास्त्री, बी.ए. बी.एस.सी.- 12 वीं (10+2); आचार्य, एम.ए., एम.एस. सी. और पीजी डिप्लोमा- संबंधित विषय में स्नातक
1. प्रवेश प्रक्रिया ऑनलाइन माध्यम से होगी।
2. प्रवेश आवेदन पत्र का लिंक विश्वविद्यालय की वेबसाइट (www.jrrsanskrituniversity.ac.in तथा www.jrrsu.in) पर उपलब्ध है।
3. विश्वविद्यालय में छात्र एवं छात्राओं के लिए पृथक् पृथक् सुसज्जित छात्रावास उपलब्ध है।
4. प्रवेश प्रक्रिया, आरक्षण प्रावधान और शुल्क एवं प्रवेश से संबंधित समस्त आवश्यक जानकारी के लिए विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.jrrsanskrituniversity.ac.in तथा www.jrrsu.in देखें एवं अन्य सहायता के लिए E-mail: helpdesk@jrrsu.in (helpline no.-7073704054) पर संपर्क करें।
राज.संवाद/सी/25/4553 कुलसचिव